लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....

दिनांक....26.9.2019.... पृष्ठ सं....3.... कॉलम....4-6....

# एचएयू के छात्र चरण सिंह और पूर्व छात्र रोहित को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

## बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर में उत्कृष्ट कार्यों के लिए हुए सम्मानित

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के स्टूडेंट्स चरण सिंह व पूर्व स्टूडेंट्स रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है। चरण सिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। चरण को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. केपी सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. केपी सिंह, छात्र चरण सिंह, रोहित व अन्य अधिकारियों के साथ।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.........अमर उजाला.........
दिनांक 26-9-2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 1-6

उपलब्धि

पिछले 10 वर्षों में विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों को मिल चुका राष्ट्रीय अवॉर्ड

# एचएयू के चरण और रोहित को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह और पूर्व छात्र रोहित कुमार को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार मिला है। अपनी पढ़ाई के दौरान वर्ष 2017-18 में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए दोनों को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में यह पुरस्कार दिया।

यह सम्मान कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित किया गया था। दोनों स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र के अलावा मेडल व 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत दस वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के सात विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।



कुलपति प्रो. केपी सिंह के साथ पुरस्कार विजेता विद्यार्थी। -अमर उजाला

## देश के 40 लाख में से 29 युवाओं को मिला सम्मान

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है। उन्होंने मार्टिन लूथर जूनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं। चरण सिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया था।

## चरण सिंह की उपलब्धियां

चरण सिंह ने अनेक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे अभियान में योगदान दिया।

## रोहित की उपलब्धियां

रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रोहित ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, एचआइवी एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....हरि भूमि....
दिनांक 26.9.2019 पृष्ठ सं. 12 कॉलम 2-4

# हकृवि के चरण सिंह व रोहित को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार



कुलपति प्रो. केपी सिंह, चरण सिंह, रोहित व अन्य अधिकारियों के साथ।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हकृवि में बीएससी एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय रामनाथ कोविंद के द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रीय भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चरणसिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जुनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ठ संस्थानों को प्रदान किया गया है। चरणसिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। चरण ने सघन प्लस पोलियों टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया।

इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने सघन पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वछता अभियान, एचआइवी एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हे नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत दस वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक जागरण......
दिनांक...26.9.2019...... पृष्ठ सं....16...... कॉलम....5-6....

# एचएयू के दो छात्रों को राष्ट्रपति ने दिया एनएसएस पुरस्कार

जासं, हिसार: एचएयू में बीएससी (आनर्स) एग्रिकल्चर के दौरान किए गए विशेष कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी के द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। विवि के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में से 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है।



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . केपी सिंह, चरण सिंह, रोहित व अन्य अधिकारियों के साथ।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक 25.9.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 7-8

# हकृवि के 2 छात्रों को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

हिसार, 25 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बी.एससी. (आनर्स) एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मैडल व 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जूनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं।

यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में 40 लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है। ज्ञात रहे कि चरण सिंह को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया। इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, एच.आई.वी. एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत 10 वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।



*विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, छात्र चरण सिंह, रोहित व अन्य अधिकारियों के साथ।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक....25.9.2019.... पृष्ठ सं.....3..... कॉलम....1-3....

# हकृवि के पूर्व छात्र चरण व रोहित को सेवा कार्यों के लिए राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



हिसार/25 सितंबर/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए केंद्र के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मैडल व 50 हजार रूपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जुनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है। चरण सिंह ने अपनी स्नातक शिक्षा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया व अनेक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चरण सिंह को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने सघन पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हे नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया। इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। रोहित ने सघन पल्स पोलियों टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, एचआइवी एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हे नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत दस वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......दैनिक हिसार......
दिनांक....25.9.2019..... पृष्ठ सं.....3........ कॉलम.....1-2.....

# हकृवि छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया



हिसार : 25 सितंबर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी (आनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ठ कार्यो के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी के द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रूपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जुनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ठ संस्थानों को प्रदान किया गया है। चरण सिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......मिल्य शक्ति टाइम्स......

दिनांक....25-9-2019.... पृष्ठ सं....8.... कॉलम....1-5....

# हकृवि के दो छात्रों को मिला राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

हिसार, 25 सितम्बर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रूपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जुनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है।

चरण सिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने अनेक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया।

इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों,



पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, एचआईवी एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में गत दस वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

# लोक संपर्क कार्यालय
## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........सिटी पल्स........
दिनांक 25. 9. 2019 ........ पृष्ठ सं. 3 ........ कॉलम 2-4 ........

# हकृवि का पूर्व छात्र रोहित कुमार राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीएससी (ऑनर्स)एग्रीकल्चर के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कृषि महाविद्यालय के छात्र चरण सिंह व पूर्व छात्र रोहित कुमार को वर्ष 2017-18 के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र के अलावा उन्हें मेडल व 50 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी दिया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने चरण सिंह व रोहित की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने मार्टिन लूथर जूनियर के विचारों के बारे में बताते हुए कहा कि हर मनुष्य को अपनी जिंदगी में यह सोचना चाहिए कि वो दूसरों के लिए क्या कर रहे है। यह पुरस्कार पूरे भारतवर्ष में चालीस लाख स्वयंसेवकों में से केवल 29 युवाओं, 10 कार्यक्रम अधिकारी व 3 उत्कृष्ट संस्थानों को प्रदान किया गया है। चरण सिंह ने अपनी स्नातक के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भगत सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने अनेक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण को वर्ष 2018 में राजकीय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया।

इसी प्रकार रोहित ने भी विभिन्न सामाजिक सेवाओं व कार्यक्रमों में भाग लिया। चरण ने सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविरों, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, एचआइवी एड्स, सड़क सुरक्षा, मधुमक्खी पालन, ई-मौसम पर किसानों को प्रशिक्षित करना व उन्हें नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रेरित करने जैसे जागरूकता अभियानों में भाग लेकर अपना योगदान दिया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय में पिछले दस वर्षों के अंतराल में विश्वविद्यालय के 7 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।



*हिसार। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह, चरण सिंह, रोहित व अन्य अधिकारियों के साथ।*